Total No. of Printed Pages—7

X/18/Hin

2 0 1 8

HINDI

(INDIAN LANGUAGE)

(CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT)

Full Marks : 80
Pass Marks : 24

(CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT)

Full Marks : 100
Pass Marks : 30

Time : 3 hours
(For Both Categories of Candidates)

The figures in the margin indicate full marks for the questions

General Instructions :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Question Nos. **1** to **10** are to be answered by both Regular and Private Candidates.

(iv) Question Nos. **11** to **13** are to be answered only by Private Candidates without Internal Assessment.

खण्ड—क

(गद्य-भाग)

1. 'बीमार का इलाज' नामक एकांकी का कथासार अपनी भाषा में लिखिए। 8

अथवा

'स्वामी विवेकानंद' नामक जीवनी का सरल एवं सहज रूप में सारांश प्रस्तुत कीजिए।

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) ''व्यक्तिगत विकास और देश की रक्षा के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क दोनों की ही आवश्यकता है।''

(ख) ''प्रत्येक मानव स्वभाव से ही स्वतंत्रता प्रेमी होता है। अपनी मानसिक व सामाजिक भावनाओं और गतिविधियों पर किसी पराए का हावी हो जाना मानव को अमान्य है, असह्य है।''

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) स्वामी विवेकानंद की रुचि किसमें थी?

(ख) भारतीय खेल प्राधिकरण कहाँ स्थित है और इसका उद्देश्य क्या है?

(ग) सरदार पटेल का अभिनंदन करते हुए पं० जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा में क्या कहा? उनकी बात कहाँ तक सत्य साबित हुई?

(घ) समाज की समस्याओं को हल करने के लिए नेहरूजी ने किन-किन सुधारों की चर्चा की है?

खण्ड—ख

(पद्य-भाग)

4. 'चलना हमारा काम है' नामक कविता का सारांश सहज एवं सरल भाषा में लिखिए। 8

अथवा

'प्रियतम' नामक कविता का सारांश अपनी भाषा में लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) ''गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूँ पाय।
बलिहारी गुरु आपने, जिन गोविन्द दियो बताय॥''

(ख) ''माँ, तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अकिंचन,
किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन—
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना यह समर्पण।''

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) तन से पहले मन का समर्पण क्या महत्त्व रखता है?

(ख) घोर कष्ट में भी हमें यह क्यों नहीं कहना चाहिए कि विधाता हमारे विपरीत है?

(ग) लक्ष्मी का निवास कहाँ है?

(घ) मीठा वचन वशीकरण कैसे है?

खण्ड—ग

(संचयन)

7. 'मिथिलेश्वर' **अथवा** 'गुरुदयाल सिंह' जी की जीवनी और उनके द्वारा लिखी गई कृतियों के बारे में लिखिए। 7

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : $2\times4=8$

(क) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

(ख) अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(घ) इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?

(ङ) टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?

खण्ड—घ

(व्याकरण एवं रचना)

9. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** के वचन बदलकर लिखिए : $1\times5=5$

(i) पीपा

(ii) साँस

(iii) कन्या

(iv) नदी

(v) बहू

(vi) वह

(vii) दाता

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** के विशेषण शब्द बनाइए : 1×5=5

(i) धर्म

(ii) भूगोल

(iii) जल

(iv) विवाह

(v) भूत

(vi) पुत्र

(vii) पितृ

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** के संधि-विच्छेद कीजिए : 1×5=5

(i) देवालय

(ii) नदीश

(iii) नरेन्द्र

(iv) परोपकार

(v) महर्षि

(vi) एकैक

(vii) प्रत्येक

(घ) कारक किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के हैं? 1+1=2

10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) भाग्य और पुरुषार्थ

(ख) साक्षरता-अभियान

(ग) पर्यावरण-प्रदूषण-समस्या

(घ) दीपावली

[For Candidates without Internal Assessment]

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) पराया कौन होता है? मानव-मानव के बीच अपने-पराये का भेद कैसे उत्पन्न हो जाता है?

(ख) किस घटना ने विवेकानंद को संवेदनशील बना दिया?

(ग) जीवन में खेलों का क्या महत्त्व है?

(घ) विनोद के लिए सुखिया किस प्रकार के इलाज के पक्ष में था?

(ङ) लोह-पुरुष का कौन-सा कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है?

(च) नेहरूजी ने गाँधीजी की सीख के बारे में क्या कहा है?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) इफ़्फ़न की दादी के पिता क्या थे?

(ख) पीटी सर का पूरा नाम क्या था?

(ग) मुअत्तल के बाद पीटी सर कहाँ रहते थे?

(घ) बच्चे के नेता का नाम क्या था?

(ङ) ठाकुरवारी के नाम कितने बीघे जमीन थे?

(च) टोपी ने दस अक्तूबर सन् पैंतालीस को क्या कसम खाई?

13. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) अग्नि

(ख) आँख

(ग) आकाश

(घ) पानी

(ङ) घर

(च) पहाड़

(छ) रात

★★★